Print media Coverage on World Sight Day 2024



फ़ातिमा में मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

पादरी बाजार (एसएनबी)। फातिमा अस्पताल पादरी बाजार में मंगलवार को विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम बच्चो, अपनी आँखों से प्यार करो रहा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति, डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मरीज बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अस्पताल के निदेशक फादर डा. संतोष सेबस्टियन ने अस्पताल के संरक्षक बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल सीएसटी, डा. मंगलेश श्रीवास्तव, महापौर गोरखपुर और एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन व्यक्तियों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेष अतिथि डा. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आंखें भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल तोहफा है। उन्होंने फातिमा अस्पताल द्वारा शुरू किए गए ब्लाइंड वाक इनिशिएटिव की सराहना की।

बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल सीएसटी ने बच्चों की आंखों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असंतुलित आहार और इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल बच्चों की आंखों के लिए हानिकारक है। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार देने और स्क्रीन टाइम कम करने पर जोर दिया। डा. गौरव ग्रोवर ने नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हम अंधत्व के समय यह अनुभव कर सकते हैं कि यदि हमें 5 मिनट के लिए भी अपनी आँखें बंद करके कोई कार्य करना हो तो कितनी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस अनुभव से हमें भगवान द्वारा दिए गए सभी वरदानों के लिए आभार व्यक्त करना चाहिए। कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर सिजो, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. विनय सिन्हा, सिस्टर जेयस, डा. अंजुम जैन विभागाध्यक्ष, डा. निलीमा जैन, डा. शौर्य वर्मा, फादर फ्रांसिस, पीजीएसएस, अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, डाक्टर्स, स्टाफ, मरीज बन्धु एवं उनके साथी आदि उपस्थित रहे।



विश्व दृष्टि दिवस पर ब्लाइंड वाक में महापौर व एसएसपी ने लिया भाग

निज प्रतिनिधि

गोरखपुर 15 अक्टूबर। फातिमा अस्पताल पादरी बाजार में आज विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम बच्चों, अपनी आँखों से प्यार करो रहा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और मरीजों ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ. संतोष सेबास्टियन ने अस्पताल के संरक्षक बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल सी.एस.टी. डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव महापौर और डॉ. गौरव ग्रोवर, आईपीएस एसएसपी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन व्यक्तियों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेष अतिथि डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आंखें भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल तोहफा हैं। हमें इनकी हिफाजत करनी चाहिए। डॉ. गौरव ग्रोवर एसएसपी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर सिजो,, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनय सिन्हा, सिस्टर जेयस, डॉ. अंजुम जैन विभागाध्यक्ष, डॉ. निलीमा जैन, डॉ. शौर्य वर्मा,फादर फ्रांसिस, पी.जी.एस.एस, अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक, डॉक्टर्स, स्टाफ, मरीज आदि उपस्थित रहें।



फातिमा अस्पताल मे मनाया गया विश्व दृष्टि दिवस

स्वतंत्र चेतना

गोरखपुर। फातिमा अस्पताल पादरी बाजार गोरखपुर में 15 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया इस वर्ष का थीम बच्चो अपनी आंखों से प्यार करो रहा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ और मरीजों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉक्टर संतोष सेबास्टियन ने अस्पताल के संरक्षक बिशप मैथ्यू नेल्ली कुन्नेल सीएसटी डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव महापौर गोरखपुर और डॉक्टर गौरव ग्रोवर आईपीएस एसएसपी गोरखपुर का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन व्यक्तियों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेष अतिथि डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आंखें भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल तोहफा है हमें उनकी हिफाजत करनी चाहिए उन्होंने फातिमा अस्पताल द्वारा शुरू किए गए ब्लाइंड वॉक इनिशिएटिव की सराहना की। बिशप मैथ्यू नेल्ली कुन्नेल ने बच्चों की आंखों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि असंतुलित आहार और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का अधिक इस्तेमाल बच्चों की आंखों के लिए हानिकारक है उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार देने और स्क्रीन टाइम कम करने पर जोर दिया। डॉ गौरव ग्रोवर आईपीएस

में भाग लिया और नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा हम अंधत्व के समय यह अनुभव कर सकते हैं कि यदि हमें 5 मिनट के लिए भी अपनी आंखें बंद करके कोई कार्य करना हो तो कितनी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस अनुभव से हमें भगवान द्वारा दिए गए सभी वरदानों

चाहिए। कार्यक्रम में अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर सीजो मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर विनय सिंह सिस्टर जस डॉक्टर अंजुम जैन विभाग विभाग अध्यक्ष डॉक्टर नीलिमा जैन डॉक्टर शौर्य वर्मा फादर फ्रांसिस पीजीएसएस अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक स्टाफ डॉक्टर मरीज बंधु एवं उनके



दृष्टिबाधितों की मार्गदर्शिका है सफेद छड़ी

दृष्टि दिवस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। संयोजित क्षेत्रीय निदान केन्द्र दिव्यांगजन(सीआरसी) में मंगलवार को विश्व सफेद छड़ी दिवस मनाया गया। यह दिवस दृष्टिबाधित दिव्यांगों के जीवन में छड़ी के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली में दृष्टिबाधित दिव्यांग एवं सीआरसी के मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। सीआरसी के प्राचार्य डॉ. रामकुमार ने कहा कि सफेद छड़ी दृष्टि दिव्यांगों के लिए मार्गदर्शिका का काम करती है। सीआरसी के निदेशक जितेंद्र यादव ने कहा कि सफेद छड़ी दृष्टिबाधितों के लिए एक सशक्त उपकरण है। आम जनमानस में सफेद छड़ी के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए सीआरसी ने इस रैली का आयोजन किया है। रैली में एनएबी इंडिया के वरिष्ठ सलाहकार गोपाल कृष्ण अग्रवाल, आईसीएमआर के डॉ. अशोक पांडेय, बीआरडी मेडिकल कालेज के नेत्ररोग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामयश सिंह आदि उपस्थित रहे।

फातिमा हास्पिटल परिसर से निकाले गए ब्लाइंड वॉक में एसएसपी, महापौर व अन्य

ब्लाइंड वॉक में महापौर व एसएसपी हुए शामिल

गोरखपुर। विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में फातिमा अस्पताल में ब्लाइंड वॉक का आयोजन किया। इसमें महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर भी शामिल हुए। फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डॉ संतोष सेबास्टियन, बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि दृष्टिहीन दिव्यांगों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सब की जिम्मेदारी है। महापौर और एसएसपी ने फातिमा अस्पताल द्वारा शुरू किए गए ब्लाइंड वॉक इनिशिएटिव की सराहना की है।



Gorakhpur hospital organises 'blind walk' on World Sight Day

Varanasi: World Sight Day was observed at Fatima Hospital, Gorakhpur, under the theme 'Children, Love Your Eyes', on Tuesday. The event featured a 'blind walk', with SSP Gaurav Grover and Mayor Mangalesh Srivastava actively participating.

Hospital director, Fr. Santosh Sebastian, expressed gratitude to all participants and emphasised the collective responsibility in raising awareness about the challenges faced by the visually impaired. The mayor, who was also the special guest on the occasion, praised the blind walk initiative, lauding the hospital's efforts to highlight the importance of eye health. SSP Grover added that eyesight is a precious gift from God, and without it, life becomes significantly more challenging. TNN



फातिमा अस्पताल में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया

***दृष्टिहीन व्यक्तियों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी: एसएसपी**

जनसंदेश टाइम्स गोरखपुर। पादरी बाजार स्थित फातिमा अस्पताल में विश्व दृष्टि दिवस मनाया गया। दिवस में इस थीम था बच्चों अपनी आंख से प्यार करो। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति डाक्टर नर्सिंग स्टाफ और मरीज ने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डा0 संतोष सेबास्टियन ने अस्पताल के संरक्षक बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल सीएसटी, डाक्टर मंगलेश श्रीवास्तव महापौर और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर का स्वागत करते हुए कहा कि दृष्टिहीन व्यक्तियों के प्रति जागरूकता फैलाना हम सबकी जिम्मेदारी है। विशेष अतिथि डा मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि आंखें भगवान का दिया हुआ सबसे अनमोल तोहफा है। बिशप मैथ्यू नेल्लिकुन्नेल सीएसटी ने बच्चों की आँखों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की उन्होंने कहा कि असंतुलित आहार और इलेक्ट्रानिक गैजेट्स का अधिक प्रयोग से बच्चों की आँखों के लिए हानिकारक है। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार देने और स्क्रीन टाइम कम करने पर जोर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ने नेत्र और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पांच मिनट के लिए अपनी आंखें बंद करके कोई कार्य करना हो तो कितनी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस अनुभव से हमें भगवान द्वारा दिए गए सभी वरदानों के लिए आभार व्यक्त करना चाहिए। कार्यक्रम में रहे उपस्थित अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर सिजो, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा विनय सिन्हा सिस्टर जेयस डा अंजुम जैन विभागाध्यक्ष डा निलिमा जैन डा शौर्य, वर्मा फादर फ्रांसिस पीजीएसएस, अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक डाक्टर्स स्टाफ मरीज आदि।



दृष्टि जागरूकता के लिए दिव्यांगों के साथ ब्लाइंड वाक करते फादर व अन्य • सौ. स्वयं

दृष्टि के प्रति जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी

गोरखपुर : विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को फातिमा अस्पताल, पादरी बाजार में संगोष्ठी व ब्लाइंड वाक का आयोजन किया गया। दिव्यांगों के साथ सामान्य लोगों ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर जागरूकता रैली निकाली। लोगों को अंधत्व दूर करने व दृष्टि के प्रति लोगों को जागरूक किया। वक्ताओं ने कहा कि दृष्टि के प्रति जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विश्व दृष्टि दिवस की इस वर्ष की थीम है- बच्चों अपनी आंखों से प्यार करो।

अस्पताल के संरक्षक बिशप मैथ्यू नैल्लिकुन्नेल, महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव, एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने ब्लाइंड वाक की सराहना की। बिशप मैथ्यू नैल्लिकुन्नेल ने बच्चों की आंखों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार देने व स्क्रीन टाइम कम करने पर जोर दिया। फातिमा अस्पताल के निदेशक फादर डा. संतोष सेबास्टियन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अस्पताल के एसोसिएट निदेशक फादर सिजो, चिकित्सा अधीक्षक डा. विनय सिन्हा, जेयस, डा. अंजुम, डा. नीलिमा जैन, डा. शौर्य वर्मा उपस्थित रहे। विज्ञप्ति
